समस्या

लाखों की लागत से बना अंडरपास बना आम लोगों के लिए मुसीबत

परासिया में पिपरिया मार्ग फिर हुआ जलमग्न

नवभारत न्यूज

परासिया, 4 जुलाई, शनिवार को क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश के बाद शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश का सबसे अधिक असर पिपरिया मार्ग पर देखने को मिला, जहां हाल ही में रेलवे विभाग द्वारा निर्मित अंडरपास में घुटनों तक पानी भर जाने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया।

अंडरपास में जलभराव के कारण पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं दोपहिया वाहन चालकों का आवागमन भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह अंडरपास पहली ही बारिश में अपनी खामियां उजागर कर चुका है।

गौरतलब है कि रेलवे विभाग द्वारा पिपरिया मार्ग पर स्थित वर्षों पुराने पुल को हटाकर नए अंडरपास का निर्माण कराया गया था। इस निर्माण कार्य के चलते लगभग छह माह तक पिपरिया मार्ग को बंद रखा गया था। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे इंतजार और भारी खर्च के बावजूद निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, जिसके कारण हर बारिश में अंडरपास में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

क्षेत्रवासियों ने रेलवे प्रशासन से अंडरपास में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में आम लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

लक्की बैस बने राजपूत करणी सेना के नगर अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 4 जुलाई, श्री राजपूत करणी सेना के (छिंदवाड़ा, पांडूरना) जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जित्तू बैस द्वारा लक्की बैस को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया श्री बैस ने बताया कि यह संघटन सामाजिक और सभी हिंदू सनातनियो के हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है और सभी धार्मिक एव सामाजिक हित में निरंतर कार्य करते जा रहा है।

इसी तारतम्य में दिन रविवार समय दोपहर 4 बजे 5 जुलाई को महाराणा प्रताप चौक शंकर माडिया पर माल्यार्पण कर भव्य वाहन रेली का अयोजन किया गया है जिसमें सभी सामाजिक संघटन और सभी हिंदू सनातनी उपस्तीथ रहेंगे ऐसी अपील करते है बधाई कर्ता जिला अध्यक्ष युवा राजपुत समाज सत्यम सिंह राजपूत, करणी सेना महिला जिला अध्यक्ष रिया सिंह सकरवार, आकाश बैस, भैरव राजपुत, पप्पू ठाकुर,उज्वल सूर्यवंशी, कुशल शुक्ला ,टिंकल चरनागर,नितिन मरकाम, आदेश साहु, पिंकू शुक्ला, चित्रांश सूर्यवंशी, निक्कू बेस, चिल्ली मालवी,कृष्णा ताम्रकार, आयुष पटेल, युवराज बेस, यश राजपुत, आशु सोनी, स्वय ताम्रकार, शेखर शर्मा,रफ्तार सिंह मेहरोलिया, जित्तू , पराग सकरवार, अमित बेस, अंकित ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, भानु राजपुत, अभिषेक कुशवाहा,अभिषेक तिवारी एव समस्त हिन्दू सनातनियों ने खुशियां और बधाई दी।

पुलिस चौकी खमारपानी को मिली मोबाइल गाड़ी सुविधा

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 4 जुलाई, बिछुआ आदिवासी विकासखंड के पुलिस थाना बिछुआ के पुलिस चौकी खमारपानी को पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के दिशा निर्देश अनुसद्यर चौकी पुलिस खमारपानी को इलाका भ्रमन पेट्रोलिंग हेतु घटनाओं में नियंतरण एवं त्वरित कार्यवाई हेतु पुलिस मोबाइल गाड़ी प्रदाय की गई है। जिससे क्षेत्र में किसी भी घटना में त्वरित कार्रवाई करने के लिए गाड़ी की सुविधा मिलने से चौकी खमारपानी पुलिस स्टाफ में हर्ष व्याप्त है।

गरमेटा मंदिर में मनाया बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव

108 हनुमान चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ, हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 4 जुलाई, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव इस वर्ष पहली बार अमरवाड़ा के गरमेटा स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया तथा सभी की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर रहा। गरमेटा शिव मंदिर के श्रृंगारकर्ता मुकेश कैलाश डेहरिया ने बताया कि इस वर्ष से मंदिर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव मनाने की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में पहली बार 108 हनुमान चालीसा का पाठ, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार श्रद्धा और भक्ति के साथ यह आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु श्रृंगारकर्ता मुकेश कैलाश डेहरिया, सचिन सराठे, गोलू सराटे, राजू साहू श्याम सुंदर धुर्वे भूरा यादव नरेश कुमार सिंगारे, ओमी प्रसाद नेमा, अंकुर जैन, अंशुल साहू, चिंटू कहार, मयंक जैन, नितिन पीपले, बंटी विश्वकर्मा, सौरभ चौरसिया, ओम बरमैया, लवलेश पीपले, उमेश नेमा, लकी राजपूत, कुबेर राजपूत, गरमेटा मंदिर के मुख्य पुजारी जालंधर पूरी नागाबाबा संत एवं धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया माल्यार्पण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 4 जुलाई, जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भारत सरकार के जनजातीय मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के साथ पहुंचकर परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के अक्षय स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर चरित्र निर्माण, राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शेषराव यादव, आदित्य बबला शुक्ला, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई, विजय पांडे, कमलेश उइके, सौरभ ठाकुर, राकेश पहाड़े, अरुण गद्रे, तरुण सोनी, श्रीमती श्रद्धा जैन, श्रीमती अमिता आशीष बरहैया तथा जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

दमुआ कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन

नवभारत न्यूज

दमुआ, 4 जुलाई, शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 1 से 3 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ (अभिविन्यास) कार्यक्रम का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन परिवेश, शैक्षणिक ढांचे, नियमावली, उपलब्ध संसाधनों तथा भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना रहा। प्रथम दिवस पर नवागंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन व्यवस्था, पाठ्यक्रम संरचना तथा विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्राध्यापकों ने विषय चयन, अध्ययन पद्धति और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में ग्रंथालय प्रभारी राजकुमार कुशवाह ने पुस्तकालय की सेवाओं, उपलब्ध अध्ययन सामग्री, संदर्भ पुस्तकों तथा उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। द्वितीय दिवस में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, बहुविषयक अध्ययन, कौशल उन्नयन, इंटर्नशिप तथा रोजगार के अवसरों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता एवं मेडिकल फिटनेस का परीक्षण

नवभारत न्यूज

दमुआ, 4 जुलाई, 24 मप्र बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के आदेशानुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमुआ में शनिवार को एनसीसी के प्रथम वर्ष के 44 जेडी एवं जेडब्लू कैडेट्स के नामांकन एवं भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता एवं मेडिकल फिटनेस का परीक्षण किया गया।

बटालियन से फिजिकल इंस्ट्रक्टर नायब सूबेदार रूपाधार साबर,हवलदार सुभाष सिंग और हवलदार ईश्वर सिंह की देख रेख एवं मार्गदर्शन में उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया संपन्न की गई।प्रक्रिया में सभी नवप्रवेशी कैडेट्स ने दौड़, पुश अप्स, सिट अप, चिन अप, वजन, ऊंचाई के आधार पर अपनी शारीरिक फिटनेस प्रदर्शित की। शारीरिक एवं स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 29 जेडी एवं 15 जेडब्लू कैडेट्स चयनित किए गए।

सेफ क्लिक 2.0 : बच्चों को क्विज खिला कर किया जागरूक

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 4 जुलाई, साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उद्देश्य से मॉडल स्कूल,अमरवाड़ा मे सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) श्रीमती कल्याणी वरकड़े ने मॉडल स्कूल मे बच्चों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी एवं साइबर फ्रॉड से बचने के लिये मजबूत पासवर्ड रखने (अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह का मिश्रण), सभी महत्वपूर्ण खातों पर Factor Authentication चालू रखें। मोबाइल और कंप्यूटर को नियमित रूप से अपडेट करें। केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग या यूपीआई लेन-देन से पहले प्राप्तकर्ता की जानकारी जांच लें। संदिग्ध लिंक, क्यूआर कोड या अज्ञात अटैचमेंट खोलने से पहले सत्यापित करें। महत्वपूर्ण डेटा का बैकअप रखें। Google Play Protect जैसी सुरक्षा सुविधाएँ चालू रखें।सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें। OTP, PIN, CVV, UPI PIN या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। अज्ञात व्यक्ति को स्क्रीन-शेयरिंग ऐप की अनुमति न दें। लालच देने वाले संदेश, लॉटरी, इनाम या नौकरी के फर्जी ऑफर पर भरोसा न करें। अज्ञात क्यूआर कोड स्कैन करके पैसे प्राप्त होने की उम्मीद न करें।

सिविल डिफेंस वालेंटियर का सात दिवसीय आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 4 जुलाई, आपदाओं के समय क्या करे ओर क्या ना करे की जानकारी देने के लिए सिविल डिफेंस वालेंटियर का सात दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय होमगार्ड परिसर मे जिला होमगार्ड कमानडेंट स्नेहलता पाठ्या , सब डिविजन वार्डन श्यामल राव एवं पी सी गणेश धुर्वे की उपस्थिति मे किया गया।

इस अवसर पर स्नेहलता पाठ्या ने कहा की जिले मे विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं एवं मानव आधारित आपदाओ से निपटने के लिए एस डी ई आर एफ के साथ जिले के सिविल डिफेंस वालेंटियर्स जिन्हें सात दिवसीय प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है वे आपदा के समय समाज मे आवश्यकता पढ़ने पर अपनी सेवाएं आपदा के समय देकर जानमाल के नुकसान को कम करने सहयोग प्रदान करेंगे । सिविल डिफेंस के सब डिवीजन वार्डन श्यामल राव ने कहा की आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच मे एन एस एस , एवं समाजसेवी 70 वालेंटियर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया हे , प्रशिक्षण का द्वितीय बैच मे 80 वालेंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जायेगा जिस हेतु पंजियन दिनांक 4 से लेकर 6 तारीख शाम तक स्थानीय होमगार्ड कार्यालय मे किया जयेगा इच्छुक समाजसेवी अपना पंजियन करा सकते है ।

नव-प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 4 जुलाई, बिछुआ आदिवासी विकासखंड के शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में शुक्रवार को नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरपी यादव की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया। एन टी एफ नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार अहिरवार ने बताया कि हमारे देश के विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं जिनका प्रभाव विद्यार्थियो के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और उनके आचरण पर पड़ता है। उक्त कार्यक्रम में नए प्रवेशित विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें विज्ञान संकाय कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी सम्मिलित थे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ अजीत डेहरिया, डॉ फरहत मंसूरी, डॉ स्मिल वेलिया मनीष ठाकुर के द्वारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता पर अपने अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किए।

इनर व्हील क्लब ने विवांता में मनाया स्वच्छता महोत्सव

छिंदवाड़ा। सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब द्वारा शनिवार के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ परासिया रोड स्थित विवांता हॉस्पिटल में स्वच्छता महोत्सव मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन के साथ विशिष्ट अतिथि समाज सेविका प्रभा नाहर ने रॉबिन खोल कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। सभी अतिथियों का क्लब अध्यक्ष माही खंडेलवाल, सचिव खुशी अग्रवाल, पी. आर. ओ अनामिका पांडे एवं विवांता की ओर से डॉक्टर श्रद्धा शर्मा ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। सुंदर आयोजन की निगम महापौर विक्रम अहाके ने सराहना की ओर समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य के लिए टीम इनर व्हील क्लब को शुभकामनाएं दी।

तामिया में पौधारोपण के साथ स्वैच्छिकता पर्व का शुभारंभ

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व का शुभारंभ किया गया। 4 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान के तहत जिले के विकासखंड तामिया में आज प्रथम दिवस का कार्यक्रम अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय तामिया में आयोजित किया गया।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी **29 जून 2026** से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट: **https://ioqm.mtai.org.in/**

पंजीकरण की अंतिम तिथि: 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627

सौगात

सांसद प्रतिनिधि ने डीआरएम के समक्ष ट्रेनों में टीटी स्टॉफ और सुरक्षा बल बढ़ाने की मांग रखी

जिले के रेल यात्रियों को जल्द मिलेगी टाटानगर ट्रेन की सौगात

छिंदवाड़ा से मंडला तक चलने वाली पैंसजर ट्रेन में भी शीघ्र बढ़ेंगे जनरल कोच

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 4 जुलाई, जिले के रेल यात्रियों द्वारा छिंदवाड़ा से टाटानगर तक नई ट्रेन की मांग सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से जल्द ही पूरी हो सकती है, साथ ही छिंदवाड़ा से मंडला तक चलने वाली पेंसेजर ट्रेन में जनरल कोच जल्द ही बढ़ सकते है।

छिंदवाड़ा दौरे पर आए डीआरएम दीपक गुप्ता से सांसद प्रतिनिधि एवं रेलवे जोनल सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर ने मुलाकात करते हुए उन्हें टाटानगर ट्रेन को छिंदवाड़ा तक विस्तार करने और छिंदवाड़ा से मंडला चलने वाली ट्रेन में यात्रियों की संख्या को देखते हुए जनरल कोच बढ़ाने की मांग करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू की ओर से उन्हें एक पत्र सौंपा है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र ठाकुर ने डीआरएम के समक्ष छिंदवाड़ा से संचालित होने वाली ट्रेनों में टीटी स्टॉफ एवं सुरक्षा बल बढ़ाने की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि सांसद प्रतिनिधि एवं रेलवे जोनल सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर से मुलाकात के दौरान डीआरएम दीपक गुप्ता ने बताया कि टाटानगर ट्रेन का छिंदवाड़ा तक विस्तार किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा से मंडला तक चलने वाली पैंसेजर ट्रेन में कोचों की उपलब्धता के आधार पर शीघ्र ही कोच बढ़ाए जाएगें।ट्रेनों में टीटी स्टॉफ और सुरक्षा बल बढ़ाने की मांग पर डीआरएम दीपक गुप्ता ने कहा कि इसके लिए भी प्रयास किए जाएगें। सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही नागपुर मंडल द्वारा छिंदवाड़ा रेल प्रबंधक को पत्र भेजते हुए टाटानगर ट्रेन का छिंदवाड़ा तक विस्तार की संभावनाओं को लेकर छिंदवाड़ा से नागपुर तक चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या सहित अन्य विवरण मांगा गया था। जिसका जबाव छिंदवाड़ा रेल प्रबंधक ने रेल मंडल प्रबंधक नागपुर को भेज दिया है।

विदित हो कि टाटानगर ट्रेन व सेवाग्राम ट्रेन का छिंदवाड़ा तक विस्तार सहित अन्य सुविधाओं को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसे लेकर सांसद ने पूर्व में दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते हुए उनसे विस्तारपूर्वक चर्चा कर पत्र भी सौंपे थे। सांसद नागपुर में आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय बैठकों में भी टाटानगर ट्रेन व सेवाग्राम ट्रेन का छिंदवाड़ा तक विस्तार सहित अन्य सुविधाओं को लेकर मांग लगातार उठा रहे है।

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)
Municipal Corporation Chhindwara

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबरः-07162-222346
ईमेलः- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईटः- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/1996/ लोनिवि/नपानि / 2026-27 छिंदवाड़ा दिनांक 03/07/2026

// प्रथम निविदा सूचना //

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेंडर क्रंमाक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_519182_ 1 Date-04/07/26	लोनिया करबल जोन क्रमांक 05 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में कच्चे मार्गों में चुरी, गिट्टी, पुराव से मरम्मत कार्य	1- 813678 2- 5 माह	1- 2000 2- 8137	20/07/26

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा